कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :- 5038 दिनांक :- 26/7/2011

कार्यालय आदेश

विवेक विहार योजना के आवेदन पत्रों को बैंक से प्राप्त करने एवं उनकी जाच के लिये निम्नानुसार टीमों का गठन किया जाता है। प्रत्येक टीम में एक कनिष्ठ अभियन्ता, एक लिपिक व एक कम्प्युटर ऑपरेटर (कम्प्युटर सहित) होगा। कम्प्युटर पर इन्टरनेट की सुविधा रहेगी। कनिष्ठ अभियन्ता टीम का प्रभारी होगा। समस्त टीमों के प्रभारी उपायुक्त (पूर्व) होगें।

1. बैंक से प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्र निम्न वर्णनानुसार बैंक से संबंधित लिपिक द्वारा गिनकर प्राप्त किये जाकर संबंधित बैंक के प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दी जायेगी व प्राप्त आवेदन–पत्रों का लेखा एक पंजिका में रखा जायेगा।
2. तत्पश्चात उसके द्वारा प्राप्त आवेदनपत्र के सेट को चैक कर उस सेट की टेगिंग, यदि पृष्ठ संख्या अंकित नही है तो अंकित की जायेगी व आवेदन–पत्र कम्प्युटर ऑपरेटर को दिया जायेगा।
3. कम्प्युटर ऑपरेटर आवेदन–पत्र की ऑन लाईन रिपोर्ट निकालकर प्रत्येक आवेदन–पत्र के साथ नत्थी व हस्ताक्षर कर आवेदन–पत्र का सेट वापस लिपिक को सुपुर्द करेगा।
4. लिपिक द्वारा आवेदक की ऑन लाईन रिपोर्ट को आवेदन–पत्र एवं उसके साथ संलग्न कागजातों के आधार पर मिलान किया जाकर यह पुष्ट किया जाएगा कि रिपोर्ट में अंकित तथ्य सही है। तथ्यों में अन्तर होने पर रिपोर्ट में अंकित तथ्य पर गोला किया जाकर सही तथ्य लिखा जाएगा एवं आवेदन–पत्र स्वीकार योग्य अथवा अस्वीकार' योग्य है, अंकित किया जाएगा। जांच कर, जो गलतीयां/कमियां है, उन्हे रिपोर्ट पर अंकित किया जाकर, हस्ताक्षर कर कनिष्ठ अभियन्ता को आगामी जांच के लिए दिया जाएगा।
5. कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा ऑन लाईन रिपोर्ट की जांच आवेदन–पत्र व उसके साथ संलग्न कागजातों के आधार पर जांच की जाकर लिपिक द्वारा की गई टिप्पणी व अन्य बिन्दु जो उनके समक्ष आवें उनकी पुष्टि कर आवेदन–पत्र स्वीकार योग्य/अयोग्य है, जैसी भी स्थिति हो का अंकन रिपोर्ट पर किया जाकर हस्ताक्षरित की जायेगी।
6. ऑन लाईन रिपोर्ट व आवेदन–पत्र के तथ्यों में भिन्नता होने पर रिपोर्ट के तथ्य सही करवाए जाकर अन्तिम रिपोर्ट निकाली जाएंगी। यह रिपोर्ट आवेदन–पत्र के सेट के साथ संलग्न होगी तथा कम्प्युटर ऑपरेटर, लिपिक व कनिष्ठ अभियन्ता द्वारा हस्ताक्षर किये जाएंगें।

उपरोक्त कार्य हेतु निम्नानुसार टीमों का गठन किया जाता है। ये टीमे उनके सम्मुख अंकित कक्ष संख्या में अस्थाई रूपे से कार्य करेंगी। उक्त कक्षों में बैंठने वाले अधिकारी/कर्मचारी अस्थाई रूप से अन्यत्र उपलब्ध स्थान पर सम्मायोजन करेंगें।

क्र. सं.	कनि. अभि. का नाम	लिपिक का नाम	कम्प्युटर ऑपरेटर	बैंक का नाम	कक्ष सं. अभि.शाखा
1.	श्री दीपक भाटी	श्री जुगल किशोर शर्मा	1	स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया	11
2.	श्री अरूण पुरोहित	श्री मुरलीधर दवे		ICICI Bank	11
3.	श्री राजीव कश्यप	श्री राधाकिशन परिहार	1	HDFC Bank	11
4.	श्रीमती निरूपमा	श्री पी.सी. शर्मा	1	SBBJ Bank	11
5.	श्री सोहनलाल पटेल	श्री रघुवीर माथुर	1	येस, इण्डसइण्ड, आई.एन.जी. वैश्य	11
6.	श्री सुबोध माथुर	श्री संजय माथुर	1	पंजाब नेशनल, धन लक्ष्मी	10
7.	श्री प्रबोध माथुर	श्रीमती निर्मला अरोड़ा	1	आई.डी.बी.आई. बैंक	10
8.	श्री सौरभ सारण	श्री बंशीलाल भाटी		एक्सिस बैंक	10
9.	श्रीमती तृप्ति कुमावत	श्री आर.सी. गुप्ता		रिर्जव	11
10.	सुश्री सुमन छंगाणी	श्री मोहनलाल		रिर्जव	11

विशेष नोट :– रिर्जव टीम के सदस्य अन्य टीम को आवश्यकतानुसार सहयोग करेगें।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

क्रमांक :- 5039-65 दिनांक :- 26/7/2011

प्रतिलिपि : पालनार्थ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव/आयुक्त महोदया, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. उपायुक्त (पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. निदेशक (वित्त/विधि/आयोजना/अभियान्त्रिकी) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. वरिष्ठ लेखाधिकारी (प्रथम व द्वितीय), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. अधिशाषी अभियन्ता (पूर्व/पश्चिम/उत्तर/दक्षिण/मुख्यालय/परियोजना–प्रथम/द्वितीय/तृतीय) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. श्री कृष्णा कम्प्युटर्स को 5 कम्प्युटर ऑपरेटर मय मशीन एवं इन्टरनेट सुविधा सहित व्यवस्था हेतु।
7. संबंधित श्री ....
8. रक्षित पत्रावली।
9. ALL BANKS

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर